राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

देहरादून। सरदार गुरचरण सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंग्रेजी श्रेणी में राज रोशन राई प्रथम, अरीब खालिद द्वितीय और नीलम नेगी तृतीय रहीं। हिंदी श्रेणी में सताक्षी शर्मा प्रथम, दिव्य ज्योति त्रिपाठी द्वितीय और शिवानी तीसरे नंबर पर रहीं। समापन समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. वीरमा राम, प्रो. मनीष अरोड़ा, कुमारी उर्मी चौरसिया, जोरावर सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मेघना वधवा ने किया। मा.सि.रि.